>

Title: Alleged violation of mining regulations by the coal mining companies engaged in excavation and sale of coal in Jharkhand and other parts of the country.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): अध्यक्ष महोदया, झारखंड राज्य के अन्तर्गत बोकारो जिले में इलैक्ट्रो स्टील नामक प्राइवेट संस्थान है जिनको कोल ब्लॉक का आबंटन किया गया और उनके द्वारा दलित परिवार और आदिवासी परिवार की जमीन को जबर्दस्ती हड़प करके वहां पर अवैध खनन करवाया जा रहा है तथा न ही अभी तक वहां पर प्लांट का निर्माण हुआ है और वह कोयला हल्दियापुर भेजा जा रहा है। आपसे आग्रह है कि अविलम्ब इसको रुकवाएं।

_

_

_